दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 12 | अंक 322 | छतरपुर, रविवार 23 जून 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# संत सीताराम दास जी पर हुए हमले की निंदा, लगाया जाम

## जंगल कटाई रोकने पहुंचे थे बैदपुर खदान पर, पूर्व विधायक पज्जन चतुर्वेदी सहित सैकड़ों समर्थकों पर लगाए आरोप





सौरभ खरे

***परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पर्यावरण बचाने के लिए चिपको आंदोलन चलाने वाले संत सीताराम दास पर पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी और उनके समर्थकों द्वारा की गई मारपीट को लेकर संत समर्थकों ने जाम लगाया। घंटों लगे जाम के दौरान यातायात थमा रहा। हालांकि इस दौरान एम्बूलेंस आदि आवश्यक वाहनों को जाने दिया गया। वहीं दूसरी ओर पूर्व विधायक पज्जन चतुर्वेदी ने यह मामला पूरी तरह राजनीति से प्रेरित बताते हुए मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि महाराज को प्रशासन से शिकायत कर अपनी समस्या बतानी चाहिए थी, लेकिन वह पूर्व से बनी योजना के अनुसार विवाद पर आमादा रहे। हालांकि यह मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।***

घटना के संबन्ध में पर्यावरण को लेकर संघर्ष करते आ रहे धजरई मंदिर के संत श्री सीताराम दास जी ने कहा कि वह खदानों को निरस्त किए जाने और पर्यावरण बचाने की मांग के साथ ही मारपीट करने वालों को जेल भेजने की मांग को लेकर समर्थकों के साथ आंदोलन कर रहे हैं। वैदपुर खदान पर जिस तरह से पेड़ों की अंधाधुंद कटाई की जा रही है, वह नहीं होने दी जाएगी। इसी सिलसिले में वह खदान पर पहुंचे और चिपको आंदोलन कर पेड़ों को बचाने का प्रयास किया। इस दौरान पेड़ों की कटाई रोकने की बात कर वह अपने आश्रम आए ही थे, कि पूर्व विधायक एवं खजुराहो मिनरल्स के संचालक आलोक चतुर्वेदी पज्जन अपने कुछ साथियों के साथ आए। उनके एक साथी ने पकड़कर उन्हें कमरे से खींचा और बाहर लाया। इसी दौरान उन्होनें उग्रता दिखाते हुए मारपीट कर दी। संत जी ने कहा कि जब तक टीकमगढ़ जिले की खदाने निरस्त नहीं की जाती और पेड़ों की कटाई को नहीं रोका जाता है, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। इस घटना में शामिल लोगों को जेल भेजा जाना चाहिए। इसी दौरान संत जी पर हमले की खबर सुनकर टीकमगढ़ जिले के पूर्व विधायक राकेश गिरी, राहुल लोधी खरगापुर, बृजकिशोर तिवारी, मनोज देवलिया, आशुतोष भट्ट सहित अनेक बीजेपी कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने चक्का जाम में शामिल होकर पूर्व विधायक पज्जन चतुर्वेदी सहित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी पर जोर दिया।



यह घटना दोपहर साढ़े तीन बजे की बताई जा रही है। समाचार लिखे जाने तक यहां जाम लगा हुआ है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशबानी के निर्देशन में यहां पुलिस द्वारा सुरक्षा के सभी इंतजाम किए गए है। बताया गया है कि टीकमगढ़ कोतवाली, थाना देहात सहित अन्य थानों से भी यहां पुलिस बल बुला लिया गया है। बताया गया है कि यहां टीकमगढ़ एसडीओपी राहुल कटरे, जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम, थाना प्रभारी टीकमगढ़ आनंद राज, देहात थाना प्रभारी रवि गुप्ता, जतारा थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी, बल्देवगढ़ मनोज सोनी सहित अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

***पेड़ों की कटाई नहीं होने दी जाएगी-सीताराम दास जी***

जिले में पेड़ों की कटाई पर नाराजगी जाहिर करते हुए संत श्री सीताराम दास जी ने कहा कि नदियों, जंगल और खदानों की खुदाई पर्यावरण के लिए नुकसानदायक है। इसे रोकने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। बैदपुर में जब तक काटे गए पेड़ों के स्थान पर यहां पौधारोपण नहीं किया जाता है, तब तक और पेड़ नहीं काटने दिए जाएंगे। इसके साथ ही जिले की अन्य खदानों को भी निरस्त किया जाना चाहिए, जिससे पर्यावरण को बचाया जा सके। चिपको आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने पर जोर दिया है।

***तोड़ खंभे और तार-पज्जन महाराज***

खजुराहो मिनरल्स के संचालक एवं पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन महाराज ने कहा कि उनके कर्मचारियों से उन्हें जानकारी मिली कि यहां कुछ लोग खंभे तोड़ रहे हैं और तार निकाल रहे हैं। इनमें धजरई महंत सीताराम दास जी भी थे। खबर पाकर वह महाराज जी से मिलने के लिए खदान पर पहुंचे, जहां पता चला कि वह जा चुके है। इसके बाद वह महाराज जी मिलने के लिए मंदिर आए, जहां महाराज जी मिलने को तैयार नहीं थे। उन्होंने कर्मचारियों के साथ अभद्रता की। यदि कोई दिक्कत थी, तो प्रशासन से शिकायत करनी चाहिए। यह सारा मामला राजनैतिक एवं पूर्व नियोजित है। उन्होंने यहां तक कहा कि अब तो वह चेहरे भी सामने आने लगे हैं।

# भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर निकली विशाल शोभायात्रा, हवन पूजन आज एवं भंडारा कल





छतरपुर। महाराजपुर क्षेत्र के ग्राम मटौंधाबेसन में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ धूमधाम से मनाई जा रही है। इस अवसर पर आज शनिवार को ग्राम में विशाल शोभायात्रा निकाली गई तथा आज रविवार को हवन पूजन एवं कल सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुये आयोजन समिति के संरक्षक एवं पत्रकार कल्याण महासंघ के प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष रामबाबू सिंह परिहार ने बताया कि गत वर्ष 21 जून से 27 जून तक ग्राम मटौंधाबेसन में भगवान श्रीराम के दरवार का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था। इस प्राण प्रतिष्ठा के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 22 जून से 24 जून तक तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें आज 22 जून को भगवान श्रीराम की विशाल शोभायात्रा एवं जल यात्रा निकाली गयी जिसमें गांव के ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों के लोग भी भारी संख्या में शामिल हुये। आज 23 जून को विद्वान आचार्यों द्वारा पूरे दिन हवन पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न कराया जायेगा तथा 24 जून दिन सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। श्री परिहार ने क्षेत्र की धर्मप्रेमी जनता से इस धार्मिक अनुष्ठान में सपरिवार शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## संपादकीय

# आदमयुगीन बर्बरता

यह अमानवीय कृत्य तार्किकता से परे है कि बेटियों को निर्ममता से इसलिये मार दिया जाए कि उन्होंने अपनी मर्जी के जीवनसाथी के साथ अपनी नई दुनिया बसाने का फैसला ले लिया है। निस्संदेह, मां-बाप बड़े अरमानों से जिगर के टुकड़े को पालते-पोसते हैं। उनके भविष्य व वैवाहिक जीवन को लेकर उनके भी सपने होते हैं। लेकिन जब 21वीं सदी में उम्मीदों के नये आकाश तलाशती बेटियों के कदम दैहिक आकर्षण व सुकोमल अहसासों के चलते मनमर्जी की दिशा में बढ़ने लगते हैं तो उसके लिये मरने-मिटने वाले परिजन क्रूरता से उसका जीवन खत्म कर देते हैं। निस्संदेह, सदियों पुरानी रूढ़ियों व जातीय ग्रंथियों वाला हमारे समाज का एक तबका पूर्वाग्रहों से मुक्त नहीं हो पा रहा है। उसके परिवारिक निर्णय आज भी समाज में लोकलाज और कथित शान के नजरिये से प्रभावित होते हैं। यह समझ से परे है कि जिस हरियाणा की बेटियां तमाम खेलों में सोने के तमगे बटोरने से लेकर एवरेस्ट की चोटियों की ऊंचाइयां बार-बार नाप रही हैं, उस समाज में बेटियों को लेकर ये दकियानूसी सोच क्यों है? क्यों बहन की रक्षा के लिये राखी बंधवाने वाला भाई आवेश में उसकी जान ले लेता है? वो कितना भयानक मंजर होगा जब बहन भाई को हत्यारे के रूप में आता देखती होगी? निश्चय ही इक्कीसवीं सदी में कथित ऑनर किलिंग की घटनाएं किसी भी सभ्य समाज के मुंह पर तमाचा ही है। देश-दुनिया में ऐसी क्रूरता का कोई अच्छा संदेश नहीं जाता। प्रगतिशील सोच की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से तीन तरफ से जुड़े हरियाणा में सोलहवीं सदी की सोच क्यों जीवित हो रही है यह समाज विज्ञानियों के लिये विचारणीय प्रश्न है। इसके बावजूद जीवन के तमाम क्षेत्रों में हरियाणा ने नये मानक स्थापित किये हैं। लेकिन सिरसा की सरबजीत कौर और कैथल की कोमल रानी की दिल दहला देने वाली हत्याएं हजार सवाल पूछती हैं। भले मां-बाप की दृष्टि में जीवन साथी चुनने में उन्होंने गलती की हो, लेकिन इस पर आदिम युगीन दंड उससे बड़ा अपराध है।

बहरहाल, इस घटनाक्रम के आलोक में यह विरोधाभास भी सामने आता है कि जो राज्य अपनी महिला खिलाड़ियों, विशेषकर पहलवानों के लिये दुनियाभर में प्रसिद्ध है, उस समाज में कुछ बेटियों को लैंगिक अन्याय का दंश क्यों झेलना पड़ रहा है। वह भी उस हरियाणा में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी 2015 में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम की शुरुआत की थी। पूरे देश में इस मुहिम को सकारात्मक प्रतिसाद भी मिला। इस मुहिम का मकसद राज्य में शिशु लिंगानुपात में सुधार करना और नारी सशक्तीकरण को बढ़ावा देना था। निश्चित रूप से पिछले वर्षों में राज्य में जन्म के समय के लिंगानुपात के आंकड़ों में सुधार भी आया। जो हरियाणा लिंगभेद के लिए सवालों के घेरे में था, वहां यह अनुपात नौ सौ का आंकड़ा भी पार कर गया। लेकिन इसके बावजूद सामाजिक परिवर्तन के दीर्घकालीन लक्ष्य पाने में सफलता नहीं मिली, विशेष रूप से ग्रामीण हरियाणा में। दरअसल, राज्य में एक तबके में पितृसत्तात्मक मानसिकता की जड़ें खासी गहरी हैं। जो ग्रामीण समाज में लड़कियों के जीवन पर लगातार नकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं। ये वही हरियाणा है जिसके बीबीपुर गांव में नौ साल पहले तत्कालीन सरपंच सुनील जागलान ने 'सेल्फी विद डॉटर' अभियान की शुरुआत की थी। जिसकी शेष देश में ही नहीं विदेशों में भी खासी चर्चा हुई थी। तमाम माता-पिताओं ने बताने का प्रयास किया था कि उन्हें अपनी बेटियों पर गर्व है। निश्चित रूप से ऐसे प्रगतिशील कदम समाज की सोच में बदलाव के लिये उत्प्रेरक की भूमिका निभाते हैं। ऐसी एक नहीं तमाम प्रगतिशील पहलों के लिये प्रयास होने चाहिए। बहरहाल, जिस हरियाणा की बेटियां तमाम वैश्विक स्पर्धाओं में सफलता के नये आयाम स्थापित कर रही हैं, वहां से कोई नकारात्मक संदेश नहीं जाना चाहिए। हालांकि, किसी भी सभ्य समाज में ऑनर किलिंग जैसी अमानवीय प्रवृत्ति को तार्किक नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन बेटियों को भी बदलते परिवेश में कई मुद्दों पर गंभीरता से सोचना चाहिए। उन्हें अपने जीवन से जुड़ा निर्णय लेने का पूरा अधिकार है, लेकिन उससे पहले सामाजिक, शैक्षिक व आर्थिक दृष्टि से इतनी मजबूत बनना होगा, ताकि उनके फैसले पर किंतु-परंतु न हो।

# राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को गति देने के लिए ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन

**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बक्सवाहा, 23 जून 2024 - राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सवाहा में सभी विभागों के साथ ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। यह अभियान 23 जून से 25 जून 2024 तक चलेगा।

बीएमओ डॉक्टर रविराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस तीन दिवसीय अभियान में करीब 12000 से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है, जिसमें 143 बूथों के माध्यम से 143 टीमों सहित 15 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। इस अभियान में आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सुपरवाइजर सहित स्वयंसेवियों की टीम भी बनाई गई है।



### *टीकाकरण अभियान की रणनीति और तैयारियाँ*

अभियान के दौरान बच्चों को पोलियो की खुराक देने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियाँ की गई हैं। प्रत्येक बूथ पर चिकित्सा सुविधा और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा, टीकाकरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए पोस्टर और बैनर लगाए गए हैं। गांव-गांव जाकर लोगों को इस अभियान के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

### *स्वास्थ्य कर्मचारियों का प्रशिक्षण*

अभियान की सफलता के लिए स्वास्थ्य कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इस प्रशिक्षण में पोलियो की दवा पिलाने की प्रक्रिया, बच्चों और उनके अभिभावकों से संवाद स्थापित करने की कला और टीकाकरण के बाद संभावित समस्याओं से निपटने के उपाय शामिल हैं।

### *सहयोगी विभागों का योगदान*

इस अभियान में शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास और पुलिस विभाग का भी योगदान महत्वपूर्ण है। इन विभागों के सहयोग से टीकाकरण की प्रक्रिया को सुगम और प्रभावी बनाया जा रहा है।

### *बैठक में उपस्थित अधिकारी*

इस बैठक में जनपद सीओ बीपी तिवारी, बीएमओ डॉ. रविराज, जिला क्वालिटी मैनेजर डॉ. आशीष, बीपीएम रविंद्र सिंह, बीसीएम वीरेंद्र, स्टोर प्रभारी लखन सिंह, बीआरसीसी मनोज शर्मा, तहसील कार्यालय से एसपी पाइक, सदर पटवारी सत्य प्रकाश रजक और आकांक्षी ब्लॉक फॉलो अभिलाष उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए अपने-अपने विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# स्कूल चलें हम कार्यक्रम सीएम राइस में पहुंचे वन एवं पर्यावरण मंत्री दिलीप अहिरवार

## बच्चों और अभिभावकों को दिया प्रतिदिन विद्यालय पहुंचने का संदेश





**राकेश सिंह**

लवकुशनगर। मध्यप्रदेश शासन की मंशानुरूप पूरे प्रदेश में स्कूल चलें हम अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में चंदला विधानसभा वन एवं पर्यावरण मंत्री दिलीप अहिरवार आज सुबह माध्यमिक सीएम राइज विद्यालय बारीगढ़ पहुंचे जहां पर विद्यालय परिवार के द्वारा उनका स्वागत किया गया।। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री दिलीप अहिरवार ने किया इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। आज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री दिलीप अहिरवार ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और कहा कि वे प्रतिदिन विद्यालय आएं और साथ ही उन्होंने अभिभावकों से भी अपने बच्चों को विद्यालय भेजने की अपील की।। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द सीएम राइज की बिल्डिंग बनकर तैयार हो जाएगी और क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी।। उन्होंने कहा कि बारीगढ़ क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति भी जल्द उनके द्वारा की जाएगी।। कार्यक्रम के अंत में मंत्री दिलीप अहिरवार ने छात्र छात्राओं को निशुल्क पुस्तकें भी बांटीं आज के कार्यक्रम में मंत्री दिलीप अहिरवार के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रभान सिंह, विनय सिंह बीआरसी अमरनाथ व्यास, धनीराम पटेल,सीएम राइज बारीगढ़ समस्त स्टाफ पुलिस प्रशासन की पूरी टीम उपस्थित रही।

# खजुराहो नगर परिषद में किया जा रहा है स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता






**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशनुसार जिला कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में नगर परिषद खजुराहो अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी, नगर परिषद सीएमओ बसंत चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 अंतगर्त नगर परिषद खजुराहो के सभी वार्डो में स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है , जिसके अंत गर्त सभी वार्डो के ऑफिस, शासकीय कार्यालय , रेस्टोरेंट , होटल , रहवासी संघ , पार्क ,बाज़ार आदि की रैंकिंग की जानी है . जिसमे थर्ड पार्टी द्वारा निरिक्षण किया जायेगा . एवं नगर परिषद खजुराहो द्वारा सर्बधित प्रतिष्ठान को सम्मानित किया जायेगा।

# चौकी बछौन थाना चंदला पुलिस ने अवैध हथियार कट्टा लहराकर दहशत फैलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

## दहशत फैलाने में प्रयुक्त अवैध देसी तमंचा व कारतूस जप्त

**सत्तार खान**

चंदला। दिनांक 18 जून को थाना चंदला क्षेत्र के ग्राम सडकर निवासी किराने की दुकान चलाने वाली महिला ने दुकान कोल्ड ड्रिंक मांगने, ना होने से मना करने पर अवैध देसी तमंचा लहराकर जान से मारने की धमकी संबंधी रिपोर्ट पर थाना चंदला में संबंधित विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था।




पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए गए। एसपी अगम जैन ने अवैध हथियार दिखाकर दहशत फैलाने वाले आरोपी हरिशचंद्र अग्निहोत्री से हथियार जप्त कर अति शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह व एस डी ओ पी लवकुश नगर श्री नवीन दुबे के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बछौन उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह रावत व पुलिस टीम द्वारा हर संभावित स्थानों में तलाश की गई। फरार आरोपी हरिशचंद्र अग्निहोत्री को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त अवैध 315 बोर का देसी तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस जप्त किया गया। अभियुक्त को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक हरी सिंह ठाकुर, उनि शैलेंद्र सिंह रावत, प्र आर नईम खान, आर. 1365 मोनू साहू, आर. अमित जाट, आर. ईश्वर सिंह की भूमिका रही।

# गिरधारीपुरम सड़क का काम अब एक भी दिन न रुके, बारिश में लोगों को परेशानी नहीं होना चाहिए- महापौर



परिहार गर्जना न्यूज ।सागर। महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने एमआईसी सदस्यों के साथ तिली तिराहा से न्यू आरटीओ कार्यालय तक बनाई जा रही सीसी रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने बताया कि स्मार्ट सिटी द्वारा करीब 15 करोड रुपए की राशि से बनाई जा रही 2 किलोमीटर दूरी की इस सड़क की चौड़ाई पहले 9 मीटर थी। क्षेत्रवासियों की मांग पर मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री मान.श्री कैलाश विजयवर्गीय से इस सड़क की चौड़ाई 9 से 18 मीटर करने का अनुरोध किया था। उन्होंने सड़क की चौड़ाई 18 मीटर करने की स्वीकृति प्रदान की, इसलिए यह सड़क अब 18 मीटर की बनाई जा रही है। इस सड़क केनिर्माण होने से नागरिकों को बहुत सुविधा हो जाएगी और सागर शहर के लिए एक बहुत अच्छी लिंक रोड मिलेगी। महापौर ने सड़क की चौड़ाई 9 मीटर से 18 मीटर के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री मान श्री कैलाश विजयवर्गीय को धन्यवाद का ज्ञापित किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के ठेकेदार से कहा बारिश में इस सड़क से आवागमन में लोगों को दिक्कत न हो इसलिए, तात्कालिक तौर पर 800 मीटर लंबाई और 4 मीटर चौड़ाई की सड़क का जो हिस्सा प्राथमिकता से बनवाया जा रहा है, वह काम एक भी दिन बंद न हो। यह काम जल्दी से जल्दी पूरा करें।

महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने कहा कि गिरधारीपुरम सड़क के निर्माण होने से अब लोगों को आवागमन में सुविधा हो जाएगी और उनके समय की बचत होगी तथा चक्कर लगाकर नहीं जाना पड़ेगा ,साथ ही यह सड़क सबसे ज्यादा उपयोगी रहेगी। उन्होंने स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट इंजीनियर से निर्माण कार्य जल्दी से जल्दी पूर्ण कराने की बात भी कही। तिली तिराहा से आरटीओ कार्यालय तक 14 मीटर सड़क निर्माण के साथ ही दोनों तरफ 3 मीटर के पाथवे एवं 1 मीटर का डिवाइडर का निर्माण किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य विनोद तिवारी , एमआईसी सदस्य अनूप उर्मिल , एमआईसी सदस्य रुपेश यादव , एमआईसी सदस्य संगीता जैन , एमआईसी सदस्य राजकुमार पटेल ,पार्षद प्रतिनिधि नरेश यादव , पार्षद मनोज चौरसिया , सुशील पांडेय , रिशांक तिवारी , विकास बेलापुरकर , आर.के. खरे , रामचंद्र चौराह , अशोक मार्को , नीरज नामदेव, उपयंत्री दिनकर शर्मा, संयम चतुर्वेदी, महादेव सोनी एवं स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट इंजीनियर आदि उपस्थित थे।

# एक ही परिसर में मिलती हैं तमाम सुविधाएं, भार्गव ने तैराकी का लिया मजा

गढ़ाकोटा। गोपाल जी खेल परिसर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सन 2018 में एक करोड़ रुपए की लागत से बने वीर सावरकर स्विमिंग पूल में तैराकी का लुफ्त उठाने पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव पहुंचे ।

उन्होंने लगभग 1 घंटा तैराकी का मजा लिया। इस दौरान भार्गव ने कहा कि तैराकी करने का अलग ही मजा है उन्होंने हिदायत दी है जिनको तैरना नहीं आता वह गहरे पानी से दूर रहे क्योंकि बरसात का मौसम आ रहा है सभी नदी तालाब लबालब भर जाएंगे ।भार्गव ने कहा तैराकी एक अच्छा व्यायाम है जो लोग प्रतिदिन तैराकी करते हैं अभी हमेशा स्वस्थ रहते है ।हम विषम परिस्थितियों में दूसरों की भी मदद कर सकते हैं। ज्ञात हो कि इस स्विमिंग पूल में रहली ,परसोरिया ,पथरिया ,दमोह जिले सहित आसपास ग्रामों से युवा बड़े बुजुर्ग, महिलाएं ,बच्चे तैराकी सीखने यहां आते हैं।



***एक ही परिसर में तमाम सुविधाएं मिलती है***

गोपाल जी परिसर में एक ही परिसर में इंडोर, आउटडोर ,स्टेडियम ,संगोष्ठी भवन ,कॉलेज, ऑडिटोरियम ,स्विमिंग पूल ,बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस एक ही परिसर में बने हुए हैं और गिनीज बुक में रिकॉर्ड दर्ज हो चुके कन्यादान समारोह भी इसी परिसर से करवाए है ।इसके अलावा जिम है जिसमें एक्सपर्ट फिटनेस के लिए टिप्स देते हैं। यहीं पर बिलियर्ड्स खेलने की भी व्यवस्था है। कैरम आदि गेम्स भी होते हैं ।और तो और एक भव्य स्विमिंग पूल बना हुआ है ।जिसमें सभी तैरना सीख रहे हैं ।परिसर के बीचों-बीच रंगीन लाइटों से सुसज्जित फुव्वारे बने हैं ।इसी प्रकार एक ही परिसर में यह विभिन्न वर्ग के संसाधन उपलब्ध है। शनिवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले गोपाल भार्गव तैराकी करने के लिए स्विमिंग पूल पहुंचकर तैराकी का लुफ्त लिया।

# स्वच्छता के प्रति व्यापक पैमाने पर जागरुकता तथा जनता की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु दिए आवश्यक निर्देश

परिहार गर्जना न्यूज। सागर /22 जून 2024/स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अच्छी रैंकिंग लाने के लिए सागर नगर निगम सहित जिले के सभी नगरीय निकायों द्वारा प्रारंभिक तैयारियां प्रारंभ की जा चुकी हैं। सागर नगर निगम सहित जिले के निकायों द्वारा की जा रही प्रारंभिक तैयारियों के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करने हेतु शनिवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्य प्रदेश भोपाल से मिशन डायरेक्टर श्री अक्षय त्रेमवाल स्वच्छ भारत मिशन (शहरी ) ने सागर में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने समीक्षा बैठक में सागर जिले में स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु किये जा रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित किए गए मानकों के अनुसार तैयारियों को गति देने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और निर्देश दिए। सागर स्मार्ट सिटी के सभा कक्ष में आयोजित नगर निगम और जिले के समस्त नगरीय निकायों की बैठक में मुख्य रूप से नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के साथ जिले की समस्त निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित थे।



# किसानों ने 60 दिनों में मांगे पूरी नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन करने की चेतावनी

## किसान संघ ने अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापनः बीना नदी सिंचाई परियोजना में सभी गांवों को जोड़ने की मांग की



**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/ किसानों ने अपनी मांगों को लेकर तहसील परिसर में एकत्रित होकर नदी सिंचाई परियोजना में सभी गांव को जोड़ने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन ।बीना नदी सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत बीना तहसील के सभी गांवों को जोड़ने की मांग को लेकर किसानों ने भारतीय किसान श्रमिक जन शक्ति यूनियन, भारतीय किसान संघ, राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के बैनर तले राज्यपाल के नाम तहसीलदार सुनील शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि बीना नदी सिंचाई परियोजना का प्रस्ताव साल 1974 में पारित हुआ था और इस परियोजना का सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया गया था। नहरों का सर्वेक्षण कार्य पिछले 10 वर्षों पहले बीना तहसील के सभी गांवों में हुआ था। लेकिन आज तक इस परियोजना का कोई भी कार्य उक्त तहसील में नहीं हुआ, जो समस्त किसानों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

यहां जल स्तर बहुत नीचे जा चुका है। पीने के पानी के लिए सभी लोग बहुत परेशान हैं। किसानों ने बीना नदी सिंचाई परियोजना में बीना तहसील के समस्त गांवों को वापस जोड़ने की मांग की है। किसानों का कहना है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लोकसभा चुनाव के पहले आश्वासन दिया था कि सम्पूर्ण गांवों को जोडा जाएगा। लेकिन इस मामले में अभी तक कोई भी पहल नहीं हुई हैं।

किसानों ने 60 दिनों में मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। किसान सीताराम सिंह ठाकुर ने कहा कि बीना नदी सिंचाई परियोजना में तहसील के गांवों को जोड़ने की मांग को लेकर कई दिनों तक गांव-गांव पहुंचकर जनसंपर्क किया गया था।

# स्वयं बदलो जग बदलेगा योग से सुखमय हर दिन खिलेगा,योग प्रकृति का वरदान है- श्रीमती प्रभा चतुर्वेदी

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महिला बाल विकास बीना शहरी द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी के निर्देशन में स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाए योग करें इसे अपनी आदत बनाएं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रभा चर्तुवेदी ने कहा कि योग हमें क्या देता है अर्थात स्वयं बदलो जग बदलेगा योग से सुखमय हर दिन खिलेगा ,,योग प्रकृति का वरदान है योग मानव जीवन का एक अभिन्न अंग है



हम सभी को नित्य प्रतिदिन योगासन और प्राणायाम का अभ्यास करने के साथ-साथ जीवन शैली को भी प्रोत्साहित करता है उन्होंने कहा कि जिसने योग अपना लिया वह महान हैं पर प्रश्नोत्तरी के माध्यम से समझाया और स्वस्थ जीवन ही हमारी जिंदगी की जमा पूंजी है योगा करना है गोष्ठी में सभी उपस्थित महिलाओं ने गीत के माध्यम से योग करने का सन्देश दिया प्रत्येक सदस्य को कम से कम 30मिनिट योग करना चाहिए और शपथ दिलाई गई विभाग द्वारा वार्ड में में योग करना रोग मुक्त होना रैली निकाल कर घर- घर संदेश दिया सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने केंद्रो पर कार्यक्रम किये गये।

# धड़ल्ले से हो रही गांजा बिक्री और जुआ को रोकने एसपी सख्त

## पलेरा पहुंची एसपी टीम, किया अवैध गांजा बरामद




**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले के पलेरा थाना क्षेत्र में पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है, या यूं कहें कि पुलिस कुछ करने के मूड में नहीं है। सूत्रों की मानें तो यहां होने वाले जुआ, सट्टा और गांजा बिक्री की अनदेखी की जाती रही है। यहां बता दें कि इसके पूर्व भी यहां जुआ पर काबू पाने के लिए एसपी द्वारा टीकमगढ़ से विशेष टीम गठित कर पुलिस बल भेजा गया था, जिसने बढ़ी कामयाबी हासिल की थी। यहां बस स्टेंड पर खुले आम बिकने वाले गांजे से पुलिस अनजान बनी हुई थी। इतना ही नहीं कहा तो यहां तक जा रहा है कि यहां पुलिस कर्मचारियों की उदासीनता बदस्तूर जारी बनी हुई है। एसपी रोहित काशबानी ने यहां टीम भेजकर एक बार फिर सनसनीखेज मामले का खुलासा कर एक किलो 30 ग्राम गांजा बरामद किया। इस मामले को लेकर स्थानीय पुलिस बल भी भौचक्का रह गया। सूत्र बताते हैं कि एससी स्क्वाड ने पलेरा में दविश देकर 1 किलो 30 ग्राम गांजा बरामद कर इस मामले में आरोपी राहुल पिता हरदयाल राय निवासी गौना पलेरा को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि राहुल राय के घर के बाहर से गांजा जप्त किया गया है। यह कार्रवाई शुक्रवार की शाम को की गई। कार्रवाई में एसआई संतोष सिंह, प्रधान आरक्षक फूलचंद बौद्ध, आरक्षक नरेंद्र पटेल, गोविंद महिला आरक्षक नीतू , मोनिका, दिव्या महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस संबन्ध में पुलिस अधीक्षक रोहित काशबानी ने बताया कि पलेरा पुलिस एवं यहां से भेजी गई टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई कार्रवाई के दौरान गांजा बरामद कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं सूत्रों का कहना है कि एसपी को चाहिए कि अपराधियों से सांठगांठ करने वालों का पता लगाकर कार्रवाई की आवश्यकता है। पलेरा क्षेत्र में अवैध मामलों का खुलासा करने में लापरवाही का सिलसिला बदस्तूर जारी रहेगा।

# नोटिस की खानापूर्ति, जिम्मेदारों ने बना रखा अवैध कमाई का जारिया

## छह महीनों में अवैध कब्जाधारियों को तीन-तीन बार थमाया नोटिस, नहीं हुई कोई कार्रवाई

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़ । नगर परिषद खरगापुर द्वारा कई बार नोटिस देने वावजूद अवैध निर्माणकर्ता ने अतिक्रमण किया जा रहा है। नगर में इन दिनों अवैध सुर्खियों में बना हुआ है। नगर के वार्ड क्रमांक 5 जियो आफ्सि के बगल से पलेरा मार्ग पर स्थित अवैध निर्माणकर्ता कैलाश असाटी ने घर आगे मेन सड़क पर नाली के ऊपर नवीन पांच पिलरों का निर्माण कर 10"60 वर्गफुट पर लेंटर डालकर अवैध कब्जा कर लिया है। बताया जा रहा है कि नगर परिषद खरगापुर ने अवैध निर्माणकर्ता कैलाश असाटी हीरो होंडा एजेंसी के मालिक को तीन तीन बार नोटिस देने के वावजूद भी अवैध निर्माणकर्ता खुलेआम अतिक्रमण कर रहा है। लेकिन अवैध निर्माणकर्ता को नोटिस देने के बाद ही धीरे धीरे निर्माण कार्य करता आ रहा है। इतना ही उसी अवैध निर्माण के दूसरी मंजिल पर पिलरों और रेलिंग निर्माण कर लेंटर डालने की फिराक कर रहा है। नगर में रसूखदार अतिक्रमण कर लेता है तो वह रसूखदार लोग अतिक्रमण की श्रेणी में नहीं हैएवहीं कोई गरीब व्यक्ति कर लेता है इसमें विभाग के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा उस गरीब व्यक्ति को अतिक्रमण करने का नोटिस थमा देते हैए फ़िर पुलिस थाने बंद करवा देते है। बता दें कि पहले नोटिस का पत्र क्रमांक 1980/नपा/2024 दिनांक 30/01/2024ए दूसरा नोटिस पत्र क्रमांक 435/नपा/2024 दिनांक 17/02/2024 तीसरा नोटिस पत्र क्रमांक 817/नपा/ दिनांक 21/06/2024 को नोटिस देकर बताया कि अवैध निर्माणकर्ता ने रजिस्ट्री अधिक सरकारी नाली पर अवैध निर्माण किया गया है। अवैध निर्माण नगर पालिका अधिनियम धारा 1961 के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।






***सौंपा सदर पटवारी ने जांच प्रतिवेदन***

अवैध निर्माणकर्ता अतिक्रमण तत्काल हटा लेवें, यह निर्देश जारी किए गए एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बल्देवगढ़, तहसीलदार खरगापुर और थाना प्रभारी खरगापुर की ओर भेजकर अवगत कराया गया है। उक्त अवैध निर्माणकर्ता का अतिक्रमण के लिए आवश्यक पुलिस बल प्रदान करने के संबंध में अवगत कराया गया। इस संबंध में जब हल्का सदर पटवारी बृजेश जैन से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मैं तहसीलदार के आदेश पर जाकर मौके पर पंचनामा बनाया और प्रतिवेदन तहसीलदार को सौंपा दिया है। आगे की कार्रवाई तहसील, नगर परिषद को करना है।

***थाने में हुई अवैध निर्माणकर्ता की शिकायत-***

नगर परिषद कार्यालय में पदस्थ सफाई दरोगा अतिक्रमण प्रभारी रामबाबू बाल्मीक ने 30 जनवरी 2024 को नोटिस तामिली करने अवैध निर्माणकर्ता कैलाश असाटी पुत्र शंकर असाटी के यहां पर गया। वहां पर अवैध निर्माणकर्ता ने सफाई दरोगा को गाली गलौज और जान मारने की धमकी दे डाली और कहां जहां शिकायत करने वहां कर देना । स्वीकृति संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करें, अन्यथा निकाय द्वारा किया गया अतिक्रमण सख्ती से हटा दिया जाएगा एवं प्रकरण न्यायालय में प्रेषित किया जाएगा। अतिक्रमण संबंध की सूचना कार्रवाई की जाएगी। अवैध निर्माणकर्ता दो बार नोटिस नगर परिषद द्वारा दिए जा चुके हैं। अवैध निर्माणकर्ता ने तीसरा नोटिस लेने से इनकार कर दिया है। तहसीलदार से बात कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

***अरविंद्र कुमार तिवारी, प्रभारी सीएम नगर परिषद खरगापुर***

# पुलिस अधिकारियों की मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित

## अपराधों पर नियंत्रण एवं निराकरण हेतु जारी किये गये निर्देश



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। बैठक में लंबित, गंभीर अपराधों की समीक्षा कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये गये। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री काशवानी ने लंबित चालान की समीक्षा कर अधिक से अधिक चालान निराकरण किए जाने, गुम इंसान, बालक, बालिकाओं का पता कर परिजनों तक सुरक्षित वापसी, शिकायतों का अधिक से अधिक निराकरण तथा अनुसूचित जाति/ जनजाति के विरुद्ध घटित अपराधों में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में लंबित खात्मा, खारिज़ी, लघु अधिनियम, जुआ एक्ट, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि की समीक्षा की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों को यथाशीघ्र संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने, स्थाई वारंटो की तामील कराकर वारंटी को न्यायालय में पेश करने, विस्फोटक मैगजीनों एवं लाइसेंस धारकों की संग्रहण क्षमता चौकिंग करने, लाउड स्पीकर के इस्तेमाल एवं खुले में मांस बेचने वालों पर कार्यवाही करने, बाढ़ वाले स्थानों को चिन्हित कर सुरक्षा एवं बचाव की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिये गये। साथ ही जन सामान्य से अपना व्यवहार अच्छा रखें व जनता की यथासंभव समस्याओं का त्वरित निराकरण करें। इसी प्रकार से ज़मीन के विवादों को राजस्व विभाग से संयोजन स्थापित कर यथाशीघ्र निराकरण कराने संबंधी निर्देश जारी किये गये।

# राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 का आयोजन 23 जून को

## जिला मुख्यालय पर तीन केन्द्रों में 1500 छात्र होंगे परीक्षा में शामिल

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग, इंदौर द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 का आयोजन प्रदेश के 55 जिला मुख्यालयों पर 23 जून 2024 (रविवार) को दो सत्रों में आयोजित की जायेगी। जिला मुख्यालय टीकमगढ़ में कुल 1500 परीक्षार्थी जिला मुख्यालय के 3 केन्द्रों पर उपरोक्त परीक्षा में सम्मिलित हो रहे है। जिला मुख्यालय टीकमगढ़ में शासकीय कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल पुराना पोलीटेक्निक स्कूल ढोंगा रोड टीकमगढ़ में 400 छात्र, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल नम्बर-2 ललितपुर रोड टीकमगढ़ में 500 छात्र तथा शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकण्डरी स्कूल नम्बर-1 ललितपुर रोड टीकमगढ़ में 600 छात्रों के लिये कुल 3 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये है। प्रथम सत्र में परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रातः 9:30 प्रवेश की अनुमति होगी परीक्षा कक्ष में प्रातः 9:45 बजे से 10 बजे तक का समय ओ. एम.आर शीट वितरण व प्रविष्टियों के लिए होगा। परीक्षा का समय प्रातः 10 से 12 बजे तक का रहेगा। द्वितीय सत्र में परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में दोपहर 1: 45 से प्रवेश की अनुमति होगी परीक्षा कक्ष में दोपहर 2 बजे से 2:15 बजे तक का समय ओ.एम. आर. शीट वितरण व प्रविष्टियों के लिए होगा। परीक्षा का समय दोपहर 2:15 से 4:15 बजे तक का रहेगा। अपर परीक्षा नियंत्रक, मध्य प्रदेश शासन लोक सेवा आयोग के आदेशानुसार परीक्षा आयोजन की वर्तमान व्यवस्था के अतिरिक्त इस महत्वपूर्ण परीक्षा की प्रक्रियात्मक निष्पक्षता बनाये रखने के लिए अनिल पारे, से.नि. जिला न्यायाधीश (मोबाइल नंबर - 9425066100) को सागर संभाग हेतु संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

# धर्ममय हुआ गांव बिजरावन-

## 11 सौ कलश और श्रीफल लेकर भक्त पहुंचे आमघाट, गूंजे जयकारे

दिगौड़ा। ग्राम विजरावन में स्थित बरिया वाले हनुमानजी मंदिर पर गांव के सभी लोगों के सहयोग से नव कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ, श्री मद्भागवत कथा, रामलीला व नौ दिवसीय विशाल मेले का आयोजन किया जा रहा है। यहां पर 21 जून से 29 जून तक धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे। यज्ञाचार्य पंडित दिनेश रामसहाय अवस्थी महाराज निवासी विजरावन ने बताया कि शुक्रवार 21 जून की सुबह 8 बजे से विजरावन के हनुमानजी मंदिर से 1100 कलश व श्रीफल लेकर भक्तगण अपने-अपने वाहनों से आमघाट कैलगुवां पहुंचे। जहां से कलशों में जल भरकर, भक्तों के द्वारा जल यात्रा निकालकर विजरावन के हनुमानजी मंदिर में यज्ञ स्थल तक लाया गया। इस दौरान विजरावन सहित आसपास के गांवों के बच्चों, युवाओं महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया, यह जलयात्रा वाहनों से निकाली गई।

# अमचुई के ग्रामीणों ने लगाए कलेक्टर एवं खाद्य प्रशासन मुर्दावाद के नारे राशन न मिलने थे नाराज

## -तीन माह से लगातार राशन न मिलने से ग्रामीण परेशान

## -8 किलोमीटर दूर से राशन के लिए भटक रहें ग्रामीण गांव लोट रहें खाली हाथ



**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले में प्राशसनिक मोनिटरिंग व्यवस्था भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। राशन माफिया तंत्र बैठा है जो गरीबों के निवाले में डाका डाल रहें हैं। ताज़ा मामला पन्ना जिले के ग्राम अमचुई से सामने आया है। जहां अमचुई से चलकर करीब 8 किलोमीटर की दूरी तय कर ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में रानीपुरा राशन दुकान पहुंचे जहां हमेंशा ताला जड़ा रहता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है।की उन्हें तीन माह का राशन नहीं मिला है। जिसके चलते वह काफी परेशान हैं ग्रामीणों द्वारा कई वार जिम्मेदारों से शिकायत भी की लेकिन कोई भी सुनने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों ने बताया राशन ब्लेक कर गरीबों का छीना जा रहा है।

# कोतवाली मे पुलिस कर्मियो के साथ मारपीट करने वाले आरोपीयो पर मामला दर्ज

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले में कुछ आपराधिक तत्वों के हौसले बुलंद होने से आपराधिक वारदातों में इजाफा हो रहा है अब तो बात यहां तक पहुंच गई कि थाना कोतवाली पन्ना में घुसकर कुछ आपराधिक तत्वों के द्वारा पुलिस कर्मियों के साथ भी मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध मे पीडित पुलिस कर्मी द्वारा लिखाई गई रिपोर्ट मे उल्लेख किया गया है कि आरक्षक विनय वर्मा ने थाना प्रभारी के नाम लिखित शिकायती आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि वह रात्रि में पन्ना कोतवाली में निगरानी पहरा ड्यूटी पर था करीबन 01.30 बजे राजदीप वर्मा अपनी मां श्रीमति सुमित्रा वर्मा व भाई राजकमल वर्मा पहुंचा और अपने चाचा सुरेश प्रसाद वर्मा और जीतेन्द्र वर्मा द्वारा शराब पीकर मारपीट करने और शराब पीने मुर्गा खाने हेतु पैसे मांगने नहीं देने पर अश्लील गालियां देने व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में शिकायत की, जिनके पीछे सुरेश प्रसाद वर्मा और जीतेन्द्र वर्मा दोनों शराब के नशे में आकर उक्त फरियादीगणों को अश्लील गालियां देने और रिपोर्ट करने पर मारने की धमकी देने लगे जिन्हे मेरे और थाना में उपस्थित प्रधान आरक्षक संदीप तिवारी द्वारा समझाईस दिया तो दोनों अभद्रतापूर्वक अश्लील गालियां देने लगे और हम दोनों से लिपटकर हांथ घूसों से गाल पीठ में दोनों मारने लगे जिन्हे मौके पर उपस्थित आरक्षक संदीप पटेल, नीलेश प्रजापति, प्रधान आरक्षक लेखक अरुण अहिरवार द्वारा बीच बचाव किया गया। इस दौरान उनके मुह से शराब की गंध आने से मेडिकल फार्म भरकर एमएलसी हेतु रवाना करने लगे तो दोनों बोले कि तुम्हारी वर्दी उतरवा देंगे हमारा पिता भी पुलिस में रहा है तुम लोग अपने आपको क्या समझते हो बाहर मिले तो एक-एक को जान से खत्म कर देंगे, मारपीट में विनय वर्मा के दाहिने गाल में और पीठ में दर्द चोट बताई गई है। और संदीप तिवारी को भी बाएं गाल में पीठ में चोट दर्द है। एवं पुलिस कर्मियों के शासकीय कर्तव्य में बाधा डालने के मामले में पीडित की शिकायत पर आरोपीयो के खिलाफ धारा 294, 353, 332, 186, 506, 34 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।




## ट्रैक्टर एजेन्सी संचालक शिक्षा विभाग के लेखपाल पर किसान ने लगाये धोखाधडी के आरोप

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम घटारी निवासी प्रेमशंकर तिवारी पिता स्वर्गीय शारदादीन तिवारी उम्र 60 वर्ष ने दिनांक 6 जून 2024 को थाना अमानगंज एवं 18 जून 2024 को अनु विभागीय अधिकारी पुलिस गुनौर के नाम एक शिकायती आवेदन पत्र देकर आपोप लगाया है कि बालक हाईसेकेन्ड्री स्कूल अमानगंज में अकाउंटेंट के पद पर पदस्थ संतोष मौर्य शिक्षा विभाग द्वारा 7 जनवरी 2023 को यह बोलकर ट्रैक्टर उनके नाम पर फाइनेंस कराया था, कि उसकी किस्त का वह भुगतान करेंगे और इसके बदले में हर माह 10 हजार आपको गारंटी के तौर पर देंगे। आपके पास किसी भी प्रकार के कर्जदार कर्ज मांगने नहीं आएंगे। जिससे गरीब किसान उनके झांसे में आ गया और उन्होंने अपना आधार कार्ड देकर उनके द्वारा जहां-जहां बताया गया वहां अपने हस्ताक्षर कर दिए गए थे। जिसके बाद उनके घर पर कर्ज लेने के लिए फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी पहुंचे और उनसे कर्ज मांगने लगे, तब उनको पता चला। जिसके बाद उन्होंने शिक्षा विभाग के लेखपाल संतोष मौर्य से बात की तब उन्होंने बोला कि ट्रैक्टर तुम्हारे नाम है और तुम्हें ही किस्त जमा करनी पड़ेगी और हम अब किसी प्रकार का आपको ना ही पैसा देंगे और ना ही किस्त जमा करेंगे। जिसके बाद से पीड़ित गरीब किसान द्वारा अमानगंज के कई सभ्रांत नागरिकों से अपनी पीड़ा सुनाई गई। जब कोई मदद के लिए आगे नहीं आया, तब उनके द्वारा थाना पुलिस से मदद मांगी गई है। गरीब किसान को इस तरीके से जाल में फसाया की ट्रैक्टर उठाने से लेकर बैंक के सारे कागजात में गरीब किसान के कागज एवं फोटो लगे हुए हैं। जिससे वह गरीब किसानअब दर-दर की ठोकरे खाता फिर रहा है। पीड़ित किसान ने जिले के पुलिस अधिकारियों एवं जिला कलेक्टर से गुहार लगाई है कि जो उनके ऊपर भारी भरकम 8 लाख से अधिक का कर्ज बना दिया गया है, उस लेखापाल संतोष मौर्य के मध्यम से भुगतान कराया जाए और इस तरीके का जलसाज किसी और गरीब के साथ ना हो ऐसे जलशाज लेखापाल पर सख्त कार्यवाही की जाए। गौरतलब है कि संबंधित लेखापाल द्वारा ट्रैक्टर एजेन्सी संचालित की जा रही है। जिसके द्वारा इस प्रकार से ट्रैक्टर बेचने के लिए फसाया जाता है।

## आम के पेड़ से लटकता मिला बीस वर्षीय युवक का शव



पन्ना/जिले के सलेहा थाना अन्तर्गत ग्राम डिकोरा निवासी खुशी लाल पिता लखन लाल ढीमर का शव आम के पेड से लटका हुआ पाया गया। जिसकी सूचना परिजनो द्वारा पुलिस थाना सलेहा को दी गई। म्रतक बीस जून से घर से लापता था। घटना की सूचना मिलते ही सलेहा थाना पुलिस मौका स्थल पर पंहुची तथा म्रतक के शव को फांसी से उतारकर सलेहा ला कर पोस्ट मार्टम कराया गया। पुलिस ने शव को पीएम के बाद परिजनो को सौप दिया है तथा मामले की विवेचना की जा रही है।

# भगवान जगन्नाथ को लगी लू पन्द्रह जून के लिए पड़े बीमार

## स्नान रस से रथ यात्रा का हुआ आगाज

**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिला मुख्यालय मे राजाशाही शासन के समय से लगभग 175 वर्ष पूर्व से रथ यात्रा की परमपरा चली आ रही है। जिसका आगाज जेष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णमासी से प्रारंभ हो जाता है। पूर्वमासी के दिन भगवान जगन्नाथ को लू लग जाती है तथा वह बीमार पड जाते है। जिसको लेकर उन्हे औशधीय जल से स्नान कराया जाता है तथा पन्द्रह जून के लिए आराम दिया जाता है। इस दौरान भोजन तथा अन्य कार्यो मे भी अलग से नियम बनाये गये है तथा पन्द्रह दिन के लिए भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर के पट आम दर्शनार्थियों के लिए बंद कर दिये जाते है। इसी दिन घट लुटाये जाते है तथा उडिसा जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर सभी कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। पन्द्रह दिन पश्चात् भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा धूम धाम के साथ निकलती है तथा उनकी उक्त यात्रा तीन दिन मे जनकपुरी पंहुचती है। आज इस रश्म के दौरान राज परिवार की सदस्य सहित हजारो की संख्या में लोग उपस्थित रहें। यह परमपरा लगातार अनवरत चली आ रही है।



## अद्भुत स्थान है चुआ धाम कुन्ड के पानी से अनेक बीमारीयां होती है ठीक

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिला मुख्यालय से लगभग पन्द्रह किलो मीटर दूर पटी बजरिया ग्राम के आगे जंगल के बीच चुआ धाम स्थान है। जहां पर अद्भुत शंकर जी तथा हनुमान जी के मंदिर बनें हुए है। कुंड में चौपडा से जडी बुटियों का निर्मित अम्रत के समान जल बहता है नहीचे बाघिन नदी निकली हुई है। उक्त स्थान पर बिगत पांच वर्ष से सिद्धेश्वर पुजारी जी रहते है। जो स्थान की पूजा एवं सुरक्षा करते है। उक्त स्थान पर वैसे तो प्रतिदन सैकडो लोग पंहुचते है लेकिन रवीवार तथा बुधवार को हजारो की संख्या में दर्शनार्थियों की उपस्थिती रहती है। उक्त स्थान पर पंहुचकर जहां एक ओर लोगो की मनोकामनाए पूरी होती है, वंही दूसरी ओर ल ईलाज बीमारीयां भी कुन्ड का पानी पी कर एवं पुजारी जी द्वारा दी गई दवा एवं दुआओं से लोग ठीक होते है। पुजारी से सिद्धेश्वर महराज द्वारा विगत चार वर्ष से अन्य का त्याग किया हुआ था तथा वह सिर्फ पानी पी कर ही अपनी दिनचर्या पूरी करते थें। उनके द्वारा पूर्णमासी के दिन उक्त संकल्प को पूरा करते हुए भोजन ग्रहण करना स्वीकार किया गया है। इस अवसर पर सैकडो लोग शामिल रहें। जिसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा, राजबहादुर पटेल, रूप सिंह लोधी, मनीष मिश्रा, वैभव थापक, राकेश शर्मा, सहित अनेक लोग शामिल हुए।



# रैपुरा में गायत्री परिवार की बैठक संपन्न

## कार्यक्रम को लेकर अनेक मुद्दो पर हुई चर्चा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/चन्डी माता मंदिर रैपुरा में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वारा गायत्री शक्तिपीठ पन्ना के मार्ग दर्शन मे बैठक संपन्न हुई। जिसमें उप जोन सागर के समन्वयक सहित अनेक पदाधिकारी शामिल हुए तथा अनेक मुद्दो पर चर्चा की गई। इस दौरान तहसील रैपुरा की समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें कैलाश सेन, को तहसील समन्वयक नियुक्त किया गया तथा नील मणि लोधी, तथा राम कृपाल गुप्ता को सह समन्वयक बनाया गया। उक्त बैठक मे अनेक लोग शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से ध्रुव सिंह लोधी, राम सेवक लोधी, कैलास सिंह, मिजाजी लाल, कामता प्रसाद, सविता नन्दन, सुरेश लोधी, कमलेश लोधी, गोविन्द सिंह, रामदेव मिश्रा, अंगद लोधी आदि शामिल हुए। बैठक मे सागर जोन के सह समन्वयक दिनेश दुबे, लक्ष्मणी सिंह तथा डॉक्टर उदयभान द्वारा मार्गदर्शन किया गया।



# नगर की भलाई के लिए मिलजुल कर प्रयास किए जाएंगे निश्चित तौर पर हम बेहतर परिणाम देने की स्थिति में होंगे- विधायक श्री मलैया

## -विधायक निधि से 10 लाख रुपए से चार स्थानों पर प्रसाधन बनवाये जायेगे

## -40 करोड़ के टैक्स रिकवरी बाकी है, की जाए

## -कलेक्टर श्री कोचर ने प्रभारी अधिकारी और नगर पालिका अधिकारी से कहा प्रधानमंत्री आवास की किस्तों संबंधी कार्रवाई समय सीमा में सुनिश्चित की जाए

**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह-22 जून। सभी पार्षदों ने अपनी बात रखी है, चर्चा हुई है, कैसे बेहतर शहर का विकास किया जा सकता है, कार्य किया जा सकते हैं, नगर की भलाई के लिए मिलजुल कर प्रयास किए जाएंगे निश्चित तौर पर हम बेहतर परिणाम देने की स्थिति में होंगे। यह बात दमोह विधायक एवं पूर्व वित्त मंत्री जयंत कुमार मलैया ने जिला कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित नगर पालिका दमोह के विकास संबंधी बैठक में कही। बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर सहित पार्षदगण एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण मोजूद थे।

विधायक श्री मलैया ने कहा यातायात में बाधक अतिक्रमण हटाए जाए ताकि सुगम यातायात बना रहे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा यातायात और पानी के वहाव में बाधक अतिक्रमण हटाये जाए और पार्षदगण अतिक्रमण को हटाने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक दमोह ने भी अतिक्रमण हटाने दस्ता गठित किया है। उन्होंने कहा राजस्व टीम भी अच्छा काम कर रही है, नगर पालिका अतिक्रमण हटाने शहर में अनाउंसमेंट कराये।

इस बैठक में विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया ने कहा किसी भी जगह मेन लाइन से पानी की आपूर्ति न हो वितरण लाइन से ही आपूर्ति हेतु कनेक्शन दिए जाएं। उन्होंने कहा मेन लाइन से सभी कनेक्शन हटाए जाएं।

श्री मलैया ने कहा नगर पालिका लंबित करो की वसूली रणनीति बनाकर करें । उन्होंने कहा नगरपालिका द्वारा बताया गया है कि 40 करोड़ के टैक्स रिकवरी बाकी है, की जाए। उन्होंने कहा जो व्यक्ति काम नहीं करेगा उसे हटाया जाए। टीम गठित कर वसूली की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाए। उन्होंने कहा अमृत योजना के तहत पार्षद गण उनके क्षेत्र में जो पार्क आते हैं जिम्मेवारी ले और पार्षदों की मांग के अनुसार कार्य कराए जाएं। पानी और रखरखाव के कार्य सुनिश्चित हो ।श्री मलैया ने कहा पाषर्दगण पार्कों को गोद लेकर उसे सुंदर और सुव्यवस्थित बनाएं। कलेक्टर ने कहा पाषर्दगण पार्क के लिए प्रस्ताव दें, उसकी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। इस आयोजित बैठक में विधायक श्री मलेया ने कहा विधायक निधि से 10 लाख रुपए चार स्थानों पर प्रसाधन बनवाने के लिए अपनी निधि से देंगे, यह सभी प्रसाधन महिलाओं के लिए प्राथमिकता से बनाए जाएं।



बैठक में अवैध नल कनेक्शन पर चर्चा हुई, सभी ने कहा कि वेध से अधिक अवैध नल कनेक्शन है, इस पर कलेक्टर ने कहा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए।अवैध नल कनेक्शन के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शहर की प्रकाश व्यवस्था पर चर्चा की गई । कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा तय समय सीमा में सभी कार्य सुनिश्चित किए जाएं। स्ट्रीट लाइट एंड हाई मास्क के प्रस्ताव पर नगरपालिका के अधिकारी ने अपनी बात रखी। विद्युत संबंधी समस्याओं पर चर्चा की गई जिस पर अधीक्षण यंत्री विद्युत वितरण कंपनी ने अपनी बात विस्तार से रखी। बैठक में शहरी क्षेत्र से लगी हुई वैशाली नगर से सुभाष कॉलोनी तक स्ट्रीट लाइट पर चर्चा कर कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारी और सीईओ जनपद पंचायत दमोह को आवश्यक निर्देश देते हुए कार्रवाई के लिए कहा।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास के किस्तों के संबंध में चर्चा की गई। पार्षद गणों ने कहा हितग्राहियों को नियमित किश्तें मिले, राशि उपलब्ध है, इस पर कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारी और नगर पालिका अधिकारी से कहा कि यह कार्रवाई समय सीमा में सुनिश्चित की जाए। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । कलेक्टर ने कहा इस संबंध में शिकायतें मिली है, समय सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित हो अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

बैठक में पार्किंग के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। पार्षदों में भी अपनी बात रखी। साथ ही बैठक में उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी श्री मार्को ने ट्रैफिक प्लान और पार्किंग के संबंध में प्रस्तावित प्लान पर अपनी बात रखी जिस पर भी चर्चा की गई।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोहटा में किया गया विश्व योग दिवस का आयोजन





परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। विकासखंड स्तरीय विश्व योग दिवस का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोहटा में किया गया। जिसमें मुख्यातिथि श्री भावसिंह ठाकुर रिटायर्ड शिक्षक के मार्गदर्शन में सफल आयोजन किया गया । विकासखंड योग प्रभारी मदन विश्वकर्मा एवं योग प्रशिक्षक ओम प्रकाश महोबिया द्वारा उपस्थित जनमानस को योग की विभिन्न आसनों को करवाया गया व उनके लाभ बताये गए । कार्यक्रम में पुलिस विभाग आयुष विभाग व संकुल के शिक्षक ग्राम के नागरिक डॉ गोयल, मनोज अग्रवाल,घनश्याम ठाकुर,रूबी राय,सेवक विश्वकर्मा,संतोष नेमा, नीतेंद्र सिंह जी ,परषोत्तम दुबे,आदि गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन ताहिर खान द्वारा किया गया व संस्था की प्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी सूर्यवंशी ने सभी का आभार जताया ।

# ऑपरेशन एहसास के अंतर्गत आत्मसुरक्षा के संबंध में बालक एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक



**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी - पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार आपरेशन एहसास के तारतम्य में पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया के निर्देशन, अति0 पुलिस अधीक्षक श्रीमति ज्योति ठाकुर एवं एसडीओपी महोदय निवाडी मनमोहन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में महिला थाना निवाडी पुलिस द्वारा आपरेशन एहसास एवं आपरेशन स्वयं सिद्वा चलाया गया जिसके अन्तर्गत वालक बालिकाओं को गुड टच / बेड टच एवं सेल्फ डिफेंस के सम्बन्ध जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे अभियान आपरेशन एहसास एवं स्वयं सिद्वा के तारतम्य में शासकीय मा0 शाला मुडारा एवं सी.एम राईज स्कूल असाटी के बच्चों से गुड टच/बेड टच, सेल्फ डिफेंस के साथ साथ धोखाधडी, वेवसाईट, अज्ञात लिंक इंस्टाग्राम आईडी, फेसबुक, शोशल मीडिया के संबध में एवं शारीरिक हिंसा, नशीला पदार्थों के लिये यौन हिंसा एवं उत्पीडन मानव तस्कर, बाल विवाह, बी पुरूष मे भेदभाव, नशा मुक्ति एवं यातायात नियम इत्यादि के संबध में जागरूकता कार्यक्रम कर कराटे एक्सपर्ट से छात्र छात्राओ को फिजिकल सेल्प डिफेंश के संबध मे जागरूक किया गया एवं वालिकाओं को विषम परिस्थिति में अपनी आत्म रक्षा कैसे करनी है, के संबध में अवगत कराते हुऐ सेल्प डिफेंस टेक्निक्स एवं डिफेंश मूव्स के बारे जागरूकता कार्यक्रम कर बताया गया।

उपरोक्त कार्य में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सिंह, ओपन निरीक्षक प्रदीप लोधी प्रधान आरक्षक प्रमोद अटल,आनंद यादव, किशोर यादव,रश्मी तिवारी कल्पना राजा एवं मनोज विश्वकर्मा की सहभागिता रही।

# लापता हुए बालक की थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। नगर के मातन मोहल्ला में रहकर पढ़ाई करने वाले बालक के लापता होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है। थाना कोतवाली द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्रीमती भगवती वंशकार निवासी ग्राम बिजना जिला झांसी द्वारा थाने में रिपोर्ट करते हुए बताया गया कि फरियादी का सबसे छोटा बेटा निखिल जो अपने नाना नानी के घर वार्ड नंबर 7 मातन मोहल्ला में रहकर पढ़ाई करता था। जिसके संबंध में 17 जून को मेरी मां रामकली के द्वारा मुझे फोन पर बताया गया कि तुम्हारा लड़का निखिल निवाड़ी से सुबह करीब 9 बजे ग्राम बिजना जाने की कहकर निकला है वह तुम्हारे घर पहुंचा या नहीं तो मैं बताया कि निखिल अभी तक बिजना ग्राम में नहीं आया है फिर उसके बाद हम सभी लोगों ने अपने लड़के निखिल की तलाश ग्राम बिजना एवं अन्य सगे संबंधियों में फोन लगाकर की लेकिन निखिल का कहीं पता नहीं चला। परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति हमारे छोटे बेटे को वहला फुसला कर भाग ले गया है जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई जा रही है। पुलिस ने लापता हुए बालक की रिपोर्ट दर्ज करते हुए धारा 363 के तहत प्रकरण दर्ज कर लापता हुए बालक की खोज प्रारंभ की है।

# रोहिन राय के प्रयासों को मिली सफलता

## राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने डिवाइडर में लगाया कट

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। निवाड़ी तेगेला से निवाड़ी भाटा एवं कैना टीला ग्राम में जाने के लिए निवाड़ी से झांसी जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने डिवाइडर में काफी दूर तक कट नहीं होने से इन ग्रामों में जाने वाले लोगों को काफी दूर तक जाना पड़ता था और फिर लौट के आना पड़ता था जिसके चलते अधिकांश लोग उल्टे रास्ते का उपयोग करते थे और इसी उल्टे रास्ते का उपयोग करने से सड़क दुर्घटनाएं हो रही थी जिसको संज्ञान में लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री रोहिन राय ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने डिवाइडर में कट लगाने के लिए काफी प्रयास किया और जिला कलेक्टर को वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों से भी चर्चा की और लगभग एक माह के प्रयासों के बाद आज रोहिन राय के प्रयासों को सफलता मिली है जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा निवाड़ी भाटा पहुंच मार्ग के सामने राजमार्ग पर बने डिवाइडर में कट लगाते हुए गांव में जाने के लिए रास्ता खोला गया। श्री राय के प्रयासों के बाद ग्राम वासियों में भी खुशी देखी जा रही है।

# सनसनीखेज भट्टा हत्याकांड का खुलासा,सिमको मैनेजर की निर्मम हत्या कर शव को चूना के भट्टे में डालने वाले सभी हत्यारे कुठला पुलिस की गिरफ्त में

## पुलिस के बिछाए जाल से नहीं बच सके आरोपी,पुलिस की शानदार सफलता

मनोज सिंह

परिहार गर्जना कटनी - पुलिस अधीक्षक कटनी श्री अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में कुठला पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है कुठला पुलिस द्वारा दो दिवस पूर्व हुए जघन्य हत्याकांड का खुलासा किया गया है

***घटना का संक्षिप्त विवरण***

ज्ञातव्य हो कि दिनांक 20.06.2024 को समनू विश्वकर्मा पिता सुन्दर लाल विश्वकर्मा उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम मुड़ेहरा थाना बड़वारा की हत्या कर उनका शव ग्राम कछगवां स्थित सिमको लाईम कम्पनी के चूना भट्टे में डाल दिया था इस वारदात के बाद पुलिस को एक बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन कर शव को स्थानीय लोगो व फायर बिग्रेड की मदद से आग काबू पाने पर चूना भट्टे के अन्दर से काफी मशक्कत के बाद बाहर निकालने में सफलता मिली थी शव को भट्टे से बाहर निकालने पर वह लगभग जल चुका था और शव किसका है, पहचान में नही आ रहा था मौके पर उपस्थित तीरथ विश्वकर्मा निवासी ग्राम मुड़ेहरा थाना बड़वारा ने बताया कि उसके बड़े पिताजी समनू प्रसाद विश्वकर्मा भट्टे में नही है और उनका फोन भी नही लग रहा है गुरुवार के दिन भट्टे में छुट्टी का दिन होता है जो घर पर भी नही पहुंचे तीरथ विश्वकर्मा को जले हुए शव को दिखाकर पहचान करने हेतु कहा गया जिसने बदन पर पहनी हुई अंण्डर वियर के आधार पर शव की अपने बड़े पिता समनू विश्वकर्मा पिता सुन्दर लाल विश्वकर्मा उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम मुड़ेहरा थाना बड़वारा के रूप में की । तीरथ विश्वकर्मा ने बताया कि उसके बड़े पिता सिमको लाईम कम्पनी में करीब पच्चीस वर्षो से कैशियर का काम करते थे जो कम्पनी के कमरे में ही रहते थे और सप्ताह में एक दिन घर आते थे । दिनांक 20.06.2024 को बड़े पिता के भट्टा में न होने की सूचना मिलने पर उन्हे देखने आया था मेरे बड़े पिता को किसी अज्ञात व्यक्तियो द्वारा हत्या कर जलते हुए चूना भट्टा में डाल दिया है जिससे उनकी मृत्यु हो गई है। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल वरिष्ट अधिकारियों को घटना के संबंध मे अवगत कराया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर घटना स्थल को तत्काल सील किया गया घटना की देहाती नालसी लेख कर थाना कुठला में असल अपराध क्रमांक 529/24 धारा 302,201 भादवि का अज्ञात आरोपी के विरुद्ध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया ।




***घटना के पश्चात पुलिस की कार्य योजना***

घटना के बाद से ही पूरे क्षेत्र के साथ समूचे संभाग में यह खबर आग की तरह फैल गई यह हत्याकांड पूरी तरह से ब्लाइंड था तथा पुलिस के समक्ष इसका खुलासा करने की चुनौती बन गई थी कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा, एसडीओपी विजयराघवगढ़ श्री के.पी. सिंह,थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ रीतेश शर्मा,थाना प्रभारी कैमोर अरविन्द चौबे, प्रभारी सायबर सेल,चौकी प्रभारी बिलहरी गोपाल विश्वकर्मा,चौकी प्रभारी बस स्टैण्ड अंकित मिश्रा एवं पुलिस लाईन का बल पहुंचा था वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में घटना स्थल का बारीकी से मौका मुआयना किया गया । एफ एस एल टीम, डॉग स्कॉट,फिंगर प्रिंट टीम एवं जबलपुर की फॉरेंसिक टीम के द्वारा घटनास्थल एवं शव का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किये गए शव को जिला चिकित्सालय कटनी भेजकर डॉक्टरों की टीम से शव का बारीकी से परीक्षण कर पी एम कराया गया पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना स्थल का निरीक्षक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए जलते हुए भट्टे में सिमको लाईम कम्पनी के मैनेजर समनू विश्वकर्मा की हत्या में सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच करते हुए कुठला पुलिस को मुखबिरों के द्वारा कुछ अहम सुराग हासिल हुए जब उन सुरागों की तफ्तीश की गई तो ज्ञात हुआ कि चूना भट्टा में काम करने वाले मजदूरों की संलिप्तता पर संदेह हुआ जिसके आधार पर संदेही आशीष सिंह ठाकुर,विनोद सिंह,रंजीत सिंह उर्फ गोलू,सनम सिंह से हिकमत अमली के साथ लगातार पूछताछ करने पर आशीष सिंह के द्वारा अपने अन्य साथी विनोद सिंह, रंजीत सिंह उर्फ गोलू, सनम सिंह के साथ घटना घटित करना बताया

***घटना की योजना***

आरोपीगण यह जानते थे कि बुधवार के दिन मजदूरों को मजदूरी मिलती है जिसका एक बड़ा हिस्सा गुरुवार को भी वितरित होता है इसी वजह से उन्होने बुधवार एवं गुरुवार की दरम्यानी रात घटना कारित की । आरोपियों की योजना के अनुसार आरोपी आशीष को ऑफिस के अन्दर घुसना था, आरोपी विनोद को आशीष की मदद के लिए पहुंचना था और आरोपी सनम सिंह और रंजीत सिंह उर्फ गोलू को बाहर रहकर आने जाने वालो पर नजर रखनी थी घटना की योजना बुधवार के शाम 7 बजे रेल्वे ट्रेक पर बनी थी आरोपीगण एक राय होकर रात के करीब 1 बजे मुताबिक योजनाबद्ध तरीके से चोरी की नियत से सिमको लाईम के ऑफिस पहुंचे ऑफिस का कमरा मृतक के द्वारा रहवास के रूप में भी उपयोग में लाया जाता था आशीष सिंह उक्त स्थान में पीछे की ओर से बाउंड्री कूदकर घुसा अन्दर की आहत पाकर बाहर सोये हुए समनू विश्वकर्मा की नींद खुल गई जिससे वो ऑफिस के अन्दर गए उसी समय दूसरा आरोपी विनोद भी समनू विश्वकर्मा के पीछे पीछे अन्दर चला गया और अन्दर जाकर मैनेजर समनू विश्वकर्मा के साथ हाथा पाई की और उन पर काबू पाने के लिए उनके सिर पर डंडे से प्रहार किया और जान बचाकर भागने पर समनू को फिर से पकड़ा और डंडे मारकर घायल कर दिया तत्पश्चात मैनेजर समनू विश्वकर्मा का तकिये से दम घोंट दिया और मृतक के गले में पहनी लॉकर की चाबी निकाली और लॉकर का ताला खोलकर उसमें से नगदी निकालकर वापस ताला बन्द कर दिया चारों ने मिलकर वही पर बिछी हुई चटाई और कम्बल में लपेटकर साक्ष्य मिटाने के आशय से मृतक समनू विश्वकर्मा की लाश को धधकते हुए चूना के भट्टे में डाल दिया । आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि मृतक मैनेजर समनू विश्वकर्मा आरोपियों को जानते थे इसी वजह से चोरी के दौरान उनके जागने पर आरोपीगण अपनी पहचान छिपाने चाहते थे इसी वजह से उन्होने मैनेजर समनू विश्वकर्मा की हत्या कर दी और हत्या करने के बाद लाश को चूना भट्टा में डाल दिया इसके पहले कि घटना के बाद आरोपी लूटे गए पैसे आपस में बाटते उसके पहले ही पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्त में ले लिया आरोपी आशीष और रंजीत सिंह उर्फ गोलू दोनो सगे भाई है इनकी मां बृजरानी को घटना की पूरी जानकारी है। धारा 120 बी के तहत बृजरानी को भी आरोपी बनाया जा रहा है।

***किससे क्या जप्त हुआ***

आरोपियों के मेमोरेंडम के आधार आरोपी विनोद से तिजौरी की चाबी विनोद के पेंट से एवं आशीष के घर से नगदी 60 हजार रुपये एवं हिसाब किताब का रजिस्टर बरामद किया गया है शेष 20 हजार रूपये आरोपी गोलू ने अपनी मां बृजरानी को दे दिये थे आरोपी रंजीत सिंह उर्फ गोलू की मां बृजरानी से 20 हजार रूपये जप्त होना शेष है आरोपियों से पूछताछ जारी है ।

आरोपियों के नाम आशीष सिंह ठाकुर पिता स्व देवी सिंह ठाकुर उम्र 28 वर्ष,विनोद सिंह पिता ज्ञान सिंह उम्र 35 वर्ष,रंजीत उर्फ गोलू सिंह पिता देवी सिंह उम्र 24 वर्ष, सनम सिंह पिता वीरेन्द्र सिंह उम्र 19 वर्ष सभी निवासी कछगवां थाना कुठला कटनी इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा,थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक अभिषेक चौबे,उप निरीक्षक विनोद सिंह,सहायक उप निरीक्षक रवि शुक्ला,प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह,अजय यादव,नरेन्द्र पटेल,शिवशंकर दुवे,ताहिर खान,राहुल मिश्रा,सुनील पाण्डेय,भगवत चौधरी,आरक्षक पुष्पेन्द्र त्रिपाठी,मनोज सिंह राजपूत,सतेन्द्र सिंह,आशुतोष यादव, विजय प्रजापति,हर्षुल मिश्रा,मंसूर हुसैन सहित अन्य स्टाफ एवं सायवर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही

# 39 सौ से अधिक सीमांकन प्रकरणों का हुआ निराकरण,कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा सीमांकन प्रकरणों की सतत समीक्षा से प्रकरणों के निराकरण में आई गति,तहसील ढ़ीमरखेड़ा 595 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कर अव्वल

परिहार गर्जना कटनी - कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर कृषकों एवं नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण हेतु जिले में चलाये जा रहे विशेष अभियान में लंबित प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही मिशन मोड पर किया जा रहा है।अभियान के तहत मैदानी राजस्व अमला और राजस्व अधिकारियों के सद्प्रयासों की वजह से अभियान के दौरान अब तक 3 हजार 940 सीमांकन प्रकरण निपटाये जा चुके है। जिले भर में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण का कार्य अनवरत रूप से जारी है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा राजस्व अधिकारियों को आर.सी.एम.एस. पोर्टल पर लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज लंबित सीमांकन प्रकरणों को समय-सीमा में प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए गये थे। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा था कि वर्तमान में खेतों से फसल की कटाई हो जाने से खेत खाली है। जिससे सुविधाजनक ढंग से सीमांकन कार्य किया जा सकता है। कलेक्टर के निर्देश के बाद जिले में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की दिशा में हुई कारगर पहल की वजह से इसके निराकरण में गति परिलक्षित हुई है।

***कलेक्टर स्वयं हर दिन कर रहे समीक्षा***

कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद और अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। विदित हो कि कलेक्टर श्री प्रसाद ने राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों का निराकरण पूरी संवेदनशीलता और



जवाबदेही के साथ करने के निर्देश दे रखे है। सीमांकन प्रकरणों के निपटारे में आई तेजी की वजह से बड़ी संख्या में किसान भाइयों से सीमांकन के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं जिले में संचालित विशेष अभियान के तहत निराकृत सीमांकन प्रकरणों के प्रति किसानों का भरोसा बढ़ा है निराकरण का आर.सी.एम.एस पोर्टल में दर्ज मामलों पर किसानों में खुशी का माहौल है।

***सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में ढीमरखेड़ा तहसील निरंतर अव्वल***

कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देशों के बाद सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में जिले की तहसीलों में ढीमरखेड़ा तहसील 595 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कर अव्वल स्थान पर है। जबकि तहसील विजय राघवगढ़ द्वारा दूसरे स्थान पर रहकर अब तक कुल 470 सीमांकन प्रकरणों का निपटारा किया जा चुका है। इसी प्रकार तहसील रीठी द्वारा तीसरे स्थान पर रहते हुए अब तक 458 सीमांकन प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है। सीमांकन प्रकरणों के निपटारे के मामले में तहसील कटनी नगर द्वारा चौथे स्थान पर अब तक कुल 450 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है जबकि पांचवें स्थान पर तहसील सलीमनाबाद द्वारा अब तक 440 सीमांकन प्रकरणों का निर्धारण किया जा चुका है। इसी तरह सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के मामले में जिले की तहसील बरही द्वारा 431 प्रकरण निपटाकर छठवें स्थान पर है। वही बहोरीबंद तहसील द्वारा 396 सीमांकन प्रकरण निराकृत कर सातवें पायदान पर और बड़वारा तहसील 388 सीमांकन प्रकरण के निपटारे के साथ आठवीं स्थान पर है जबकि कटनी तहसील 312 सीमांकन प्रकरण के निपटारे के साथ अंतिम नौवें पायदान पर है।

# दुर्घटना में युवक की मौत को लेकर परिजनों ने किया हंगामा

## शव रखकर किया चक्का जाम, तीन घंटे बाद अधिकारियों के आश्वासन पर खुला जाम



नौगांव। थाना क्षेत्र अंतर्गत छतरपुर रोड पर ग्राम नयागांव के पास स्थित बुंदेलखंड गौशाला में चल रहे तलैया एवं सड़क निर्माण कार्य में लगा एक ट्रैक्टर पलट जाने के कारण चालक की दर्दनाक मौत हो गई। शुक्रवार को हुई इस घटना के बाद मृतक के परिजनों ने 24 घंटे में दो बार हंगामा करते हुए गौशाला अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शुक्रवार की शाम को काफी हंगामे के बाद मृतक का पोस्टमार्टम हुआ था। शनिवार की सुबह एक बार फिर नाराज परिजनों ने हाईवे पर शव रखकर चक्काजाम किया। पुलिस और प्रशासन से मिले कार्रवाई के लिखित आश्वासन के बाद शनिवार को मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।

***क्या है मामला***

प्राप्त जानकारी के मुताबिक 3 वर्ष पूर्व बुंदेलखंड गौशाला में 14 लाख की लागत से तलैया और सड़क निर्माण का कार्य स्वीकृत किया गया था, जो कि वर्तमान में जारी है। इसी कार्य में ग्राम नयागांव का रहने वाला अर्जुन उर्फ अज्जू पुत्र स्वर्गीय रमेश रिछारिया उम्र 25 साल अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली को भाड़े पर लगाए हुए था। शुक्रवार को अर्जुन कार्यस्थल से अपने ट्रैक्टर में मुरम भरकर जा रहा था तभी उसका ट्रैक्टर मय ट्रॉली के पलट गया और अर्जुन ट्रॉली के नीचे दब गया। घटना के कई घंटों बाद नयागांव के पूर्व सरपंच द्वारा अर्जुन के भाई भीम रिछारिया और नौगांव पुलिस को जानकारी दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे तथा कड़ी मशक्कत के बाद ट्रॉली के नीचे दबे अर्जुन को बाहर निकाला गया। हालांकि कई घंटों तक ट्रॉली के नीचे दबे रहने के कारण अर्जुन की घटना स्थल पर ही मौत हो चुकी थी। अर्जुन के शरीर को बाहर निकालने के बाद नौगांव अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उक्त घटनाक्रम के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ जो शुक्रवार से शनिवार तक लगभग 24 घंटे चला।

***मृतक के परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप***

मृतक अर्जुन रिछारिया के परिजनों ने बताया कि जिस वक्त घटना हुई उस वक्त मौके पर एक जेसीबी मशीन सहित तीन अन्य ट्रैक्टर मौजूद थे, लेकिन घटना होते ही उक्त सभी वाहनों के चालक अपने-अपने वाहन लेकर मौके से भाग खड़े हुए। परिजनों का कहना है कि यदि ट्रैक्टर पलटने के बाद जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर को हटा दिया जाता और अर्जुन को समय पर इलाज मिल जाता तो उसकी जान बच जाती लेकिन ऐसा करने की बजाय पहले कई घंटों तक घटना की जानकारी उनसे छिपाई गई और बाद में मौके पर मौजूद लोग गौशाला में ताला लगाकर भाग गए। परिजनों ने बताया कि उनके घर में अर्जुन एकमात्र कमाने वाला व्यक्ति था और उसकी मौत से पूरा परिवार सदमे में है। शुक्रवार की शाम को जब अर्जुन के शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया जा रहा था तब परिजनों ने हंगामा शुरु कर दिया और




दोषियों पर कार्रवाई होने के बाद पोस्टमार्टम कराने की बात पर अड़ गए। स्थानीय प्रशासन और पुलिस की समझाइश के बाद बड़ी मुश्किल से परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए।

***शनिवार की सुबह हाईवे पर किया चक्काजाम***

पोस्टमार्टम होने के बाद शनिवार की सुबह करीब 10 बजे मृतक के परिजनों ने एक बार फिर दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा शुरु कर दिया। परिजनों ने छतरपुर-नौगांव हाईवे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया, जिससे घंटों तक आवागमन बाधित रहा। जैसे ही पुलिस-प्रशासन को इसकी जानकारी मिली वैसे ही एएसपी विक्रम सिंह, नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह सिकरवार, तहसीलदार संदीप तिवारी सहित थाने का पुलिस बल और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। करीब 3 घंटे तक यह हंगामा चला, बाद में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने परिजनों को निष्पक्ष कार्रवाई करने का लिखित आश्वासन दिया, तब परिजन शांत हुए और आवागमन शुरू हुआ। वहीं कुछ समय बाद मृतक का अंतिम संस्कार भी किया गया।

***जांच के बाद होगी कार्रवाई***

उक्त घटनाक्रम को लेकर नौगांव तहसीलदार संदीप तिवारी का कहना है कि बुंदेलखंड गौशाला में हुई घटना दुखद है। ट्रैक्टर चालक की मौत से परिजनों में नाराजगी है और उनके द्वारा कई आरोप लगाए गए हैं। राजस्व विभाग और पुलिस की टीम मामले की बारीकी से जांच कर रही है। दोनों पक्षों को थाने बुलाकर बयान लिए गए हैं, जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।

# जिला जेल में मनाया गया योग दिवस






छतरपुर। जिला जेल छतरपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया जिसमें योग शिक्षकों द्वारा कैदियों को योग की क्रियायें बतायी गयी तथा उनसे होने वाले लाभों से अवगत कराया गया। इस योग शिविर में जेल स्टाफ के अलावा भारी संख्या में कैदी शामिल हुये।

***माँ के साथ बंद बच्चे का मनाया गया जन्मदिवस***

जेल में एक ऐसी महिला कैदी है जो अपने दूध मुंहे बच्चे को भी साथ में लिये हुये है। संयोग से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन ही उस बच्चे का जन्मदिवस था लिहाजा जेलर आरएस पांडे के मार्गदर्शन में उक्त बच्चे का जन्मदिवस भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में जेल स्टाफ के अलावा पत्रकार कल्याण महासंघ के प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष एवं परिहार गर्जना के संपादक रामबाबू सिंह परिहार भी शामिल हुये जिन्होंने उक्त आयोजन की भूरि-भूरि सराहना की है।

## गरीब आदिवासी किसान को मिला छह कैरिट का हीरा

## हीरा कार्यालय मे किया जमा

**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/हीरा उगलने वाली पन्ना की धरती मे फिर से एक गरीब आदिवासी किसान को 6.65 सेन्ट का हीरा मिला है। जिसको संबंधित द्वारा हीरा कार्यालय मे जमा किया गया है। हीरे के संबंध में हीरा कार्यालय मे पदस्थ पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि पैसे से किसान देशराज आदिवासी द्वारा पटि बजरिया में नीति भूमि पर हीरा उत्खनन के लिए पट्टा बनाया गया था। उसी खदान मे छह कैरिट पैसट सेन्ट का हीरा उसे मिला है। जिसे उसने कार्यालय मे जमा किया है। आगामी बोली में उक्त हीरा को नीलामी के लिए रखा जायेगा। इसके पूर्व ही संबंधित को एक कैरिट पैतिस सेन्ट का हीरा मिला था। हीरा मिलने से देशराज के परिवार मे खुशी का माहोल देखा जा रहा है।

## गाय को खेत से बाहर निकाला तो किसान एवं उसके पुत्रों को लाठियों से धुनडाला

छतरपुर। जुझार नगर थाना क्षेत्र के ग्राम करहरी में एक किसान के खेत में गांव के व्यक्ति की गाय घुसी गई थी, जब किसान ने गाय को खेत से बाहर निकाला तो संबंधित व्यक्ति और उसके साथियों ने किसान तथा उसके दो पुत्रों के ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जुझार नगर थाना में मामला दर्ज किए जाने के बाद घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। करहरी निवासी 65 वर्षीय कामता प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर में गांव के वंश गोपाल की गाय उसके खेत में घुस गई थी। जब उसने गाय को खेत से बाहर निकाला तो वंशगोपाल के पुत्र सुशील कुमार, आशाराम, मुन्ना, हल्के, परशुराम और कंधी ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। कामता को बचाने गए उसके पुत्र रामगोपाल उम्र 20 वर्ष और भाई श्रीलाल उम्र 50 वर्ष के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट की। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गए। तीनों घायलों ने जुझानगर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई, जहां से उन्हें इलाज के लिए लवकुश नगर अस्पताल भेजा गया था। हालत गंभीर होने के कारण तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321